दिनांक 14-09-2022 को अग्रवाल महाविद्यालय में 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा उनकी सदप्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक गतिविधियां एवं कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी श्रंखला में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। आभासी माध्यम(ऑनलाइन) द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता (संभाग दो) के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० अशोक कुमार निराला के संयोजन में हुई। इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय संस्थान की विभागाध्यक्षा डॉ० रेनू माहेश्वरी एवं हिंदी प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला द्वारा लघु कथा वाचन एवं दोहे वाचन(कबीर, रहीम और मीरा) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग तीस विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। संपूर्ण हिंदी विभाग द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता सफल एवं सार्थक रही।